रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग). लूनी जं० के प्लेटफार्मों पर अभी छत की व्यवस्था नहीं है। तथापि, दो प्लेटफार्मों के बीच स्थित स्टेशन की इमारत में दोनों ओर 140 फुट × 10 फुट के छतदार वरांडे की व्यवस्था है जिस का उपयोग प्रतीक्षा कर रहे यात्री कर लेते हैं।

(घ) धन-राशि के उपलब्ध होने और रेल उपयोगकर्ता सुविधा समिति का अनुमोदन होने पर, इस स्टेशन के प्लेटफार्मों पर छत की व्यवस्था करने के काम को आगामी वर्षों के निर्माण कार्यक्रमों में शामिल किये जाने के सम्बन्ध में विचार किया जायेगा।

हिन्दुस्तान एन्टीबायटिक्स द्वारा कीटनाशक औषधियों का उत्पादन

73. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान एण्टीबायटिक्स में जिन कीटनाशक औषधियों का उत्पादन होता है उनके नाम क्या हैं;

(ख) प्रत्येक के मामले में उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है ; और

(ग) गत दो वर्षों में इस फैक्टरी को कितना लाभ हुआ है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख). प्रतिजीवी औषधियों का उत्पादन हिन्दुस्तान एंण्टबायोटिक्स द्वारा किया जा रहा है तथा उनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता नीचे बतायी गई है :—

प्रतिजीवी औषधियां	वार्षिक उत्पादन क्षमता
पेनसिलीन	84 एम एम यू
स्ट्रैप्टोमाइसीन सल्फेट	80—90 मी० टन
एम्पीसिलीन	5 मी० टन
होमाइसीन	250 कि० ग्रा०
नियोमाइसीन सल्फेट	500 कि० ग्रा०

(ग) विगत 3 वर्षों के दौरान कम्पनी द्वारा उठाये गये लाभ और हानि को नीचे बताया गया है:—

	लाभ (+) / हानि (—) (लाख रुपये)
1972—73 .	(+) 5.83
1973—74 .	(—) 148.21
1974—75 .	(—) 327.96

पेट्रोलियम के खर्च में कमी

74. **श्री मूलचन्द डागा** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पेट्रोलियम के खर्च में कमी करने के लिये सरकार ने सभी विभागों को समय समय पर आदेश जारी किये थे; और

(ख) क्या इन आदेशों का पालन किया गया था ?